## एक नजर में

### कांग्रेस का बूथ लेवल प्रशिक्षण संपन्न

**ब्यावरा 16 नवंबर, का.** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर कांग्रेस के ब्यावरा विधानसभा के बूथ लेवल एजेंटो का प्रशिक्षण आज ग्राम आमल्याहाट एवं ब्यावरा में सम्पन्न हुआ. उक्त कार्यक्रमों में जिला कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व मंत्री प्रियव्रत सिंह, प्रशिक्षण प्रभारी प्रज्ञा फिलिप्स, पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी, जिला पंचायत अध्यक्ष चन्दर सिंह, विधानसभा प्रभारी चंदर सिंह गुर्जर, पुनरिक्षण प्रभारी अशोक क्रांति ने सम्मिलित होकर पार्टी के बूथ लेवल एजेंटो को पूनरिक्षण के कार्यक्रम एवं नियमों से विस्तार से अवगत कराते हुए पुनरिक्षण की प्रक्रिया में सम्मलित होकर मतदाताओ के सहयोग करने का आव्हान किया व प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए गहन निगरानी के निर्देश दिए. कार्यक्रमों मे ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र यादव, मोहन लोदी, चेन सिंह गुर्जर, गोपाल बना, नपा उपाध्यक्ष अतुल जगताप, प्रदीप परमार शहर अध्यक्ष कपिल शिवहरे, सुरेन्द्र कुशवाह, महिला अध्यक्ष रचना भार्गव, युवा कांग्रेस अध्यक्ष अमन अरोरा सहित विधानसभा क्षेत्र के सभी बूथ लेवल एजेंट सम्मिलित हुए.

### पाइपलाइन लीकेज, हजारों लीटर पानी बर्बाद

**खिलचीपुर 16 नवंबर, सं.** सरकार द्वारा करोड़ों रुपए खर्च कर नल जल योजना के तहत हर घर तक पानी पहुंचाने के लिए जल जीवन मिशन योजना चला रखी है. नल के कनेक्शन दिये जा रहें वही दूसरी नल जल को अधिक से अधिक सुरक्षित करने के लिए हर साल करोड़ों रुपये जल संचयन योजनाओं पर खर्च किए जा रहे हैं. परंतु खिलचीपुर का 10 नंबर वार्ड गायत्री कॉलोनी महेश पिपलोटिय गली में एवं महारानी लक्ष्मी रोड खातीं कुण्डी गली मोड़ पर टूटी पाइप लाइन से प्रतिदिन हजारों लीटर पानी सड़कों एवं नालियों में बहकर बर्बाद हो रहा है. खिलचीपुर गायत्री कॉलोनी में निवासियों ने बताया गया कि यहां पाइपलाइन पिछले 6 माह से लिंकेज पड़ी है नगर परिषद के जिम्मेदार अधिकारी एवं पार्षद से मौखिक रूप से अवगत भी कराया परंतु कोई ध्यान नहीं दे रहा हैं. वहीं इसी प्रकार महारानी लक्ष्मी रोड खातीं कुण्डी मोड़ पर दो महा से पाइप लाइन टुटी होने से रोजाना हजारों लीटर पानी बर्बाद हो ही रहा है. परन्तु यहां से निकलने वाले स्कूली बच्चों एवं आमजनों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. इस सड़क से गुजरने वाले टू व्हीलर फोरविलर वहनों के पहियों से उछल कर गिरने वाले गन्दे पानी से विवाद की स्थिति निर्मित हो चुकी है. लेकिन जन प्रतिनिधि एवं कर्मचारी ध्यान नहीं दे रहे. इस बारे में खिलचीपुर नपा सीएमओ देवेंद्र वत्स का कहना कि आपके माध्यम से सूचना मिली है जल्दी ही इनको दुरुस्त करवाएंगे.

### घेराबंदी कर पकड़ी ड्रग्स, कार जप्त

**राजगढ़/सारंगपुर 16 नवब्बर, सं** पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के. एल. बंजारे द्वारा अवैध मादक पदार्थों की रोकथाम हेतु जारी निर्देशों के तहत एसडीओपी सारंगपुर अरविंद सिंह के मार्गदर्शन में सारंगपुर पुलिस ने महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है. पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति कार के साथ तारागंज रोड पर खड़ा है और उसके पास अवैध एमडी ड्रग्स है. सूचना पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल घेराबंदी कर संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा. पूछताछ में अपना नाम सनब्बर अंसारी पिता नासिर अंसारी, निवासी बोगदापुल बाग फरहद, थाना ऐशबाग, भोपाल बताया. उक्त व्यक्ति के पास से एमडी ड्रग्स 42.50 ग्राम अनुमानित कीमत 85 हजार रुपये. कार जिसकी अनुमानित कीमत 2 लाख 50 हजार रुपये बताई जा रही है. प्रभावी कार्रवाई में थाना प्रभारी सारंगपुर आकांक्षा हाड़ा, उनि अमित त्यागी, आरक्षक राजवीर, अतुल मोर्य, प्रधान आरक्षक राकेश धाकड़, आरक्षक शुभम की महत्वपूर्ण भूमिका रही.

# बारह महीने चल रहा हाईवे पर पेंचवर्क

## जीर्णशीर्ण होते जा रहे जयपुर-जबलपुर फोरलेन मार्ग पर आए दिन की जा रही मरम्मत

- ब्यावरा से भोपाल तक फोरलेन पर लगे दर्जनों पैबंद
- वाहन चालकों को होती हैं आवागमन में भारी दिक्कतें
- एक दशक भी नहीं हुआ फोरलेन का निर्माण हुए, होने लगी दुर्दशा
- आवागमन से वाहनों में हो रही टूट-फूट



नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 16 नवम्बर, का. जयपुर-जबलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर ब्यावरा से भोपाल तक के करीब 117 किमी लम्बे फोरलेन मार्ग का निर्माण हुए अभी एक दशक भी नहीं हुआ है कि इसकी दुर्दशा का सिलसिला लम्बे समय से चल रहा है. अब तो बारह महीने फोरलेन मार्ग की मरम्मत का कार्य चलता रहता है, जिसके कारण वाहन चालको को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. वाहनों में टूटफूट होकर नुकसान हो रहा है.**

विदित है कि ब्यावरा से भोपाल तक के लगभग 117 किमी लम्बे जयपुर-जबलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर ब्यावरा से भोपाल तक फोरलेन का निर्माण एनएचएआई विभाग द्वारा निर्माण एजेंसी के माध्यम से कराया गया था. वर्ष 2019 में फोरलेन बनकर तैयार हो गया था. परन्तु फोरलेन निर्माण होने के बाद से ही इस मार्ग पर टूटफूट होकर नुकसान होने का क्रम शुरु हो गया.

### वाहनों में हो रही टूट-फूट

भले ही सड़क की मरम्मत का कार्य किया जा रहा है कि लेकिन आये दिन मरम्मत का कार्य करने तथा सड़क उखड़ने से वाहन चालकों को भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है. आये दिन उखड़े रोड के कारण वाहनों में टूटफूट हो रही है.

### टोल बराबर दे रहे फिर भी परेशानी

लगभग 1087 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले ब्यावरा से लेकर भोपाल तक के 117 किमी फोरलेन में 2 टोल गेट है. एक ब्यावरा के समीप तथा एक अन्य टोल गेट सोनकच्छ परवलिया के समीप है. वाहन चालकों द्वारा दोनों टोल गेट पर टोल तो बराबर दिया जाता है किंतु मार्ग की दुर्दशा के कारण वाहन चालको को होने वाली परेशानी पर कोई ध्यान देने वाला नहीं है.

जानकारी के अनुसार फोरलेन का निर्माण करने वाली एजेंसी को पांच वर्ष कि रोड की मरम्मत का कार्य करना था अब यह समय सीमा पूर्ण होने पर एनएचएआई के द्वारा तय की गई एजेंसी द्वारा ही टोल गेट का संचालन किया जा रहा है इनके द्वारा ही सड़क पर होने वाली टूटूफूट की मरम्मत किया जाना है. टोल गेट का संचालन करने वाली निर्माण एजेंसी को ही सड़क पर होने वाली मरम्मत को दुरस्त करना है.



# रिकार्ड 6 डिग्री पर पहुंचा पारा

## नवम्बर माह के दूसरे पखवाड़े में रिकार्ड पारा गिरा

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 16 नवंबर, का. नवम्बर माह का दूसरा पखवाड़ा शुरु होते ही रविवार को न्यूनतम तापमान 6 डिग्री के रिकार्ड पर जा पहुंचा. वर्षो बाद नवम्बर माह के दूसरे पखवाड़े में न्यूनतम तापमान में इतनी अधिक गिरावट होना सामने आया है. सर्द हवाओं के साथ ठंड के प्रकोप ने कंपकंपा दिया. इस सीजन का यह सबसे कम न्यूनतम तापमान रहा.**

उल्लेखनीय है कि एक सप्ताह पूर्व रविवार को ही न्यूनतम तापमान 7 डिग्री पर जा पहुंचा था. इसके बाद तापमान में उतार-चढ़ाव की स्थिति बनते हुए 7 से 8 एवं 9 डिग्री के मध्य तापमान बना रहा. शनिवार को न्यूनतम तापमान 6.5 डिग्री पर रहा जो रविवार को 6 डिग्री पर जा पहुंचा. मौसम विभाग के अनुसार रविवार को इस सीजन का सबसे कम तापमान रहा. वर्षो बाद नवम्बर माह के दूसरे पखवाड़े में इतना कम तापमान पहुंचा है.

### बेसहारा गौवंश की परेशानी बढ़ी

ठंड के बढ़ते प्रकोप के साथ ही बेसहारा गौवंश की परेशानी बढ़ गई है. खुले आसमान के नीचे कड़ाके की ठंड के बीच गौवंश रहने को मजबूर है. नगर सहित जिले भर में हाईवे, चौराहो, सड़को पर हजारों की तादाद में बेसहारा गौवंश है. बेसहारा गौवंश की सुरक्षा एवं उनकी देखरेख के लिए शासन प्रशासन द्वारा सख्त दिशा निर्देश दिए गये बावजूद इसके आज भी हजारों की संख्या में बेसहारा गौवंश हाईवे, सड़क, चौराहों पर है.

**दिन में भी ठंड का प्रकोप** रविवार को दिन भर ठंड का प्रकोप बना रहा. शाम होते ही ठंड का प्रकोप कहीं अधिक बढ़ गया. एकाएक बढ़े ठंड के प्रभाव ने लोगो को ठिठुरा दिया. गर्म कपड़े सहित अलाव का सहारा लेना पड़ रहा है. जगह-जगह अलाव जलते हुए देखे गये.

# उमंग उत्सव के रूप में मनाया बाल दिवस

## कृष्णा वैली स्कूल में लगा भव्य बाल मेला




नवभारत न्यूज

**छापीहेड़ा 16 नवम्बर, सं छापीहेड़ा स्थित प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था कृष्णा वैली इंटरनेशनल स्कूल में रविवार को उमंग उत्सव नाम से भव्य बाल मेले का आयोजन किया गया. मेले को लेकर बच्चो में भारी उत्साह नजर आया.**

शुभारंभ नपं उपाध्यक्ष राजेश टांक, भाजपा मंडल अध्यक्ष बद्री रजक के द्वारा किया गया. उन्होंने विद्यालय में आयोजित इस प्रकार के रचनात्मक आयोजनों को बच्चों के व्यक्तित्व विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया.

विद्यालय के निदेशक द्वारका प्रसाद गांधी एवं निखिल गांधी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम के उद्देश्य एवं विद्यालय की गतिविधियों, कार्य प्रणाली पर प्रकाश डाला. उन्होंने बताया कि उमंग उत्सव का उद्देश्य बच्चों को सीखते हुए आनंद लेने का अवसर प्रदान करना है, ताकि उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके. अभिभावकों की बड़े स्तर पर भागीदारी देखने को मिली. मेले में हेल्दी फूड स्टॉल, गेम जोन, हॉर्स राइड, कैमल राइड, मिक्की माउस कैरेक्टर, ट्रैम्पोलिन, मेहंदी आर्ट, टैटू आर्ट, स्केरी हाउस तथा कई मनोरंजक खेल, झूले रहे. बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ गतिविधियों का आनंद लिया और अनेक खेलों में भाग लेकर आनंदित हुए. विद्यालय परिसर में आकर्षक साज-सज्जा की गई.

प्राचार्य प्रसाद तरानेकर ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास, टीम वर्क, सामाजिक कौशल और रचनात्मकता को बढ़ावा देते है.

### संग्रहालय देख उत्साहित हुए बच्चे

**नवभारत न्यूज ब्यावरा 16 नवम्बर, का.** मां शारदा विद्या निकेतन गिंदौर हाट विद्यालय परिवार द्वारा ट्राइबल म्यूजियम भोपाल का भ्रमण किया गया. बच्चों द्वारा संग्रहालय का अच्छे से भ्रमण कर एक एक वस्तु स्थिति के बारे में जाना और जिज्ञासावश कई प्रश्न किए. संचालक विनोद कुमार शर्मा के अनुसार ट्राइबल म्यूजियम (आदिवासी संग्रहालय) देखकर बच्चे काफी उत्साहित हुए. आदिवासी संस्कृति ,रीति रिवाज रहन-सहन , औजार, रहने की स्थिति से भली भांति परिचित हुए. बच्चों द्वारा आर्मी कैंप भोपाल का भ्रमण कर वहां कारगिल विजय दिवस की शॉर्ट मूवी देखी. सैनिक कैसे और किन परिस्थितियों में अपने कार्य करते है इस बारे में जाना. बच्चों ने झील में बोटिंग का भी लुफ्त उठाया.

# जायसवाल महिला क्लब की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त



नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 16 नवंबर, का.** जिले से जायसवाल समाज की श्रीमती जया जितेन्द्र जायसवाल को जायसवाल महिला क्लब भारत की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है. जिन्होंने वर्ष 2012 से 2021 तक समाज के विभिन्न संगठनों में सक्रिय रहते हुए जिला अध्यक्ष, प्रदेश संगठन मंत्री, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जैसे अनेक महत्वपूर्ण पदों पर काम किया है. वर्ष 2022 में जायसवाल महिला क्लब से जुड़कर मध्य प्रदेश अध्यक्ष के रूप में समाज को संगठित करने एवं महिला सशक्तिकरण की दिशा में अद्भुत कार्य किया.



# शासकीय अस्पताल के रास्ते पर भरा नाली का पानी

## गली-मोहल्लों में निकासी के अभाव में नालियों का पानी आया सड़कों पर

नवभारत न्यूज

**कुरावर 16 नवम्बर, सं.** नगर के मुख्य मार्गो सहित अधिकांशत: कॉलोनियों, गली-मोहल्लो में पानी निकासी के उचित प्रबंध नहीं होने से नालियों का गंदा पानी सड़को पर बहता रहता है. खाली प्लाटो पर बारिश का पानी जमा है. इन हालातों के कारण राहगीरों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ने के साथ ही रहवासी क्षेत्र में पानी जमा होने से मच्छर, कीट पनप रहे है, बीमारी फैल रही है.

उल्लेखनीय है कि कुरावर नगर में गली-मोहल्लों, कॉलोनियों के रास्तो के बुरे हाल है. कई जगह नाली नहीं है और जहां नाली है तो उनकी निकासी नही होने से गंदा पानी सड़को पर फैल रहा है. नगर के शासकीय अस्पताल को जाने वाले मुख्य मार्ग पर नाली जाम होने से गंदा पानी रोड पर भरा हुआ है. इसी गंदे पानी के बीच से होकर राहगीरों एवं अस्पताल जाने वालों को आना-जाना पड़ रहा है. भंवर कॉलोनी, आदर्श कॉलोनी सहित अधिकांश जगह पानी निकासी के बेहतर प्रबंध नहीं होने से गंदा पानी सड़क एवं आसपास खाली प्लॉट में जमा है.

**महामारी को जनम दे रहे कीटाणु** गंदे पानी में मच्छर व अन्य कीटाणु पनपकर महामारियों को जनम दे रहे है. बुखार, सदी-जुकाम, डेंगू जैसी बिमारियों के लक्षण सामने आ रहे है. रहवासी क्षेत्र में गंदा पानी जमा होने से भारी दुर्गंध भी परेशानी का कारण बना हुआ है. रहवासियों द्वारा नगर पंचायत में जिम्मेदारों को अनेक बार इन समस्या से अवगत कराया गया किंतु इस और कोई ध्यान नहीं दिए जाने से हालात और बिगड़ रहे है.

# बाल मेले में लगे विभिन्न व्यंजनों के स्टॉल




नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 15 नवम्बर, का. पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्म दिवस बाल दिवस पर नगर की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था के. सी. कॉन्वेंट हाई स्कूल में बाल मेला आयोजित किया गया. विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के व्यंजन की दुकाने लगाई.**

अतिथि भाजपा जिला महामंत्री अमित शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजू यादव, गोपाल बादशाह, गिरिराज लववंशी, राम भील, बनवारी कुशवाहा, राहुल दांगी, दीपक सामरे, स्कूल संचालक इंदर सिंह लववंशी उपस्थिति रहे.

बाल दिवस के बारे जानकारी देते हुए महत्वपूर्ण बाते साझा की. आयोजन में अभिभावकों ने भी हिस्सा लिया. विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार वितरण करने के साथ ही शिक्षकों को भी उत्कृष्ट प्रदर्शन पर सम्मानित किया गया. विद्यार्थियों एवं पालकों ने खरीददारी कर व्यंजनों का लुफ्त उठाया. संचालन वरिष्ठ शिक्षक सुरेंद्र कुमार कुशवाह ने किया. आभारउप प्राचार्य श्री रामजीवन ने किया.




# जनक्रांति यात्रा को लेकर करणी सैनिकों का शक्ति प्रदर्शन

## 21 दिसंबर को हरदा में विशाल जन क्रांति न्याय यात्रा

नवभारत न्यूज

**नरसिंहगढ़ 16 नवंबर, सं. हरदा में करणी सैनिकों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में करणी सेना द्वारा आयोजित जन क्रांति न्याय यात्रा की तैयारी को लेकर रविवार को नगर में करणी सैनिकों ने जबरदस्त शक्ति प्रदर्शन किया.**

करणी सेवा प्रमुख जीवन सिंह शेरपुर के नरसिंहगढ़ पहुंचने पर हजारों की संख्या में करणी सैनिक एकत्र हुए और नगर के प्रमुख मार्गो से विशाल जन क्रांति न्याय यात्रा निकाली. यात्रा का विभिन्न स्थानों पर स्वागत द्वार से जीवन सिंह का भव्य स्वागत किया गया.

उल्लेखनीय है कि हरदा में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे करणी सैनिकों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में प्रदेशभर में करणी सेना द्वारा 21 दिसंबर को हरदा में विशाल जन क्रांति न्याय यात्रा निकाली जाएगी. जिसमें प्रदेश के सभी जिलों से करणी सैनिक बड़ी संख्या में शामिल होंगे. नरसिंहगढ़ में आयोजित नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए जीवन सिंह शेरपुर ने कहा कि हमारी लड़ाई अन्याय के खिलाफ है. शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांग रख रहे राजपूत युवाओं पर लाठीचार्ज करना लोकतांत्रिक मूल्यों पर धब्बा है. करणी सेना न्याय और सम्मान के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगी.

उन्होंने कहा कि यह आंदोलन किसी व्यक्ति विशेष के लिए नहीं बल्कि समाज के स्वाभिमान और न्याय के लिए है. और आगामी हरदा यात्रा करणी सेना की एकता और शक्ति का प्रतीक बनेगी. यात्रा के समापन पर संगठन के पदाधिकारियों ने आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा की और अधिक से अधिक संख्या में हरदा पहुंचने का आह्वान किया.

**पुलिया** ▶ **पहली निविदा में एक ही टेंडर आने पर दोबारा निविदा जारी की**

# अजनार पुल के लिए दूसरी बार निविदा जारी

- जीर्णशीर्ण अवस्था में है सिविल अस्पताल रोड पर अजनार नदी पुल
- नवीन बनने वाले अस्पताल रोड का कार्य हो भी हो चुका है प्रारंभ



नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 16 नवम्बर, का. स्थानीय सिविल अस्पताल रोड पर अजनार नदी पर बनने वाले पुल के लिए सेतु निर्माण विभाग द्वारा दूसरी बार निविदा जारी की है, पूर्व में जारी की निविदा में एक मात्र टेंडर आने के बाद दोबारा निविदा जारी की गई है.**

उल्लेखनीय है कि पीडब्ल्यूडी विभाग के आधिपत्य वाले सिविल अस्पताल रोड पर नवीन सड़क निर्माण होना है जिसका कार्य भी रास्ते में आने वाली पुलिया निर्माण के साथ शुरु कर दिया गया है. किंतु अस्पताल रोड पर अजनार नदी का पुल काफी जर्जर अवस्था में है. सड़क निर्माण के साथ ही पुल का निर्माण अति आवश्यक है. सेतु निर्माण विभाग के अनुसार पूर्व में पुल निर्माण के लिए निविदा जारी की गई थी किंतु एक ही टेंडर आया था जिसके बाद दोबारा पुल निर्माण के लिए निविदा जारी की है. जो निविदा जारी की है उसमें पुल की प्रशासकीय स्वीकृति 381 लाख 51 हजार रुपये दर्शायी गई है. टेंडर ऑन लाईन किया जाना है. निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम दिनांक 3 दिसम्बर 2025 को शाम 5.30 बजे तक निर्धारित की है.

### वर्तमान पुल से अधिक होगी हाईट

सेतु निर्माण विभाग के अनुसार अजनार नदी पर वर्तमान में जो पुल है उससे नवीन पुल की हाईट अधिक होगी ताकि बारिश के दिनों में नदी का जल स्तर बढ़ने पर पुल पर से आवागमन बाधित न हो. गौरतलब है कि अस्पताल रोड पर अजनार नदी का पुल काफी समय से काफी बुरी तरह जर्जर हो चुका है. इसी पर से होकर राहगीर जोखिम उठाकर आते-जाते है.

### कई महत्वपूर्ण जगह जाने वाला मार्ग

अजनार नदी पुल से होकर ही सिविल अस्पताल, तहसील कार्यालय, एसडीएम कार्यालय, कर्मचारी कॉलोनी, रेस्ट हाऊस सहित कई रहवासी क्षेत्रों में पहुंचा जा सकता है. हाल ही में ब्यावरा जनपद कार्यालय के लिए भी जमीन पुल के पार ही चिन्हित की गई है. कई अहम शासकीय कार्यालयों पर अजनार नदी पुल पार करके ही पहुंचा जा सकेगा. ऐसे में यहां बनने वाले नवीन पुल की हाईट और चौड़ाई वर्तमान पुल से कहीं अधिक होना चाहिए ताकि बारिश के दिनों में बाढ़ के दौरान पुल जलमग्न न हो और आवागमन रुके नहीं.